विषय कोड : **206**
Subject Code : **206**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2022

## माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2022

**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**A**

## SIL - HINDI ( NLH )

## द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

206- 01375б1
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 6 = 106
**Total No. of Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 32
**Total No. of Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — __खण्ड-अ__ एवं __खण्ड-ब__।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 बस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। पचास** से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. बालगोबिन भगत की उम्र क्या थी ?

(A) साठ से ऊपर (B) चालीस से ऊपर

(C) तीस से ऊपर (D) बीस से ऊपर

2. दूसरे दिन प्रातःकाल सम्राट अशोक के पास कौन है ?

(A) उनका पुत्र (B) उनका सेनापति

(C) उनका दरबारी (D) उनका भाई

3. लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' के रोचक निबंध 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' में किस पर टिप्पणी की गई है ?

(A) देश पर (B) राज्य पर

(C) रोजमर्रा के व्यवहारों पर (D) समाज पर



BiharboardQuestionpaper.com

4. पीपल वृक्ष कहाँ है ?

(A) पर्वत के पास
(B) घर के पास
(C) तालाब के पास
(D) निर्झर के पास

5. भगवान को संतुष्ट करने का सर्वोत्तम उपाय क्या है ?

(A) दीनों का सच्चा बंधु होना
(B) फूल चढ़ाना
(C) प्रसाद चढ़ाना
(D) नाच-गाना करना

6. 'यकीन' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) बीतना
(B) भरोसा
(C) जमीन
(D) शोभा

7. कवि स्वर्ग को कहाँ उतारने की बात कहते हैं ?

(A) घर में
(B) पर्वत पर
(C) जमीन पर
(D) पठार पर

8. 'कर्मवीर' चिलचिलाती धूप को क्या बना देते हैं ?

(A) अंधकार
(B) छाँव
(C) मुलायम
(D) चाँदनी



BiharboardQuestionpaper.com

9. "तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है ।" – यह किसका कथन है ?

(A) ईश्वरचंद्र विद्यासागर (B) राजा राममोहन राय

(C) स्वामी विवेकानन्द (D) रामकृष्ण परमहंस

10. "हो मेरे दम से यूँ ही मेरे वतन की जीनत जिस तरह से फूल से होती है चमन की जीनत" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) कर्मवीर (B) बच्चे की दुआ

(C) सुदामा चरित (D) खुशबू रचते हैं हाथ

11. महमूद कौन खिलौना खरीदता है ?

(A) गुजरिया (B) भिश्ती

(C) सिपाही (D) धोबिन

12. व्यक्ति की सफलता का निर्धारण कौन करता है ?

(A) आराम (B) सुख

(C) नींद (D) कर्म के प्रति निष्ठा

13. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) रेखाचित्र (B) संस्मरण

(C) यात्रावृत्तांत (D) डायरी



BiharboardQuestionpaper.com

14. हुंडरू का झरना कहाँ है ?

(A) बिहार में (B) झारखंड में

(C) उड़ीसा में (D) नेपाल में

15. 'खुशबू रचते हैं हाथ' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) शंकर शैलेन्द्र (B) बिहारी

(C) अरूण कमल (D) कबीरदास

16. कबीर किस काल के भक्त कवि हैं ?

(A) रीतिकाल (B) आदिकाल

(C) आधुनिक काल (D) भक्तिकाल

17. मानू स्टेशन पर सिरचन को किस चीज का दाम देने लगी ?

(A) मोहर छापवाली धोती का (B) कुर्ता का

(C) पायजामा का (D) जूता का

18. विक्रमशिला विश्वविद्यालय में कक्षा की व्यवस्था और समय निर्धारण के लिए अलग से कौन नियुक्त होते थे ?

(A) आचार्य (B) चिकित्सक

(C) योगाचार्य (D) महात्मा



BiharboardQuestionpaper.com

19. विक्रमशिला विश्वविद्यालय में खुदाई से प्राप्त एक सील का सत्यापन किससे किया गया है ?

(A) मूर्ति से (B) वीर वज्र से

(C) गौतम बुद्ध से (D) महावीर से

20. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में, कक्षा में चुपचाप कौन बैठी रहती थी ?

(A) सईदा (B) नीलू

(C) मंजु (D) विमला

21. 'पीपल' शीर्षक कविता में पीपल वृक्ष के समक्ष क्या सक्रिय हैं ?

(A) पेड़, झरने (B) नदी, चिड़िया

(C) ऋतुएँ, दिवस चक्र (D) इनमें से सभी

22. 'दीनवन्धु निराला' शीर्षक पाठ किस महाकवि की जीवनी है ?

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (B) जयशंकर प्रसाद

(C) महादेवी वर्मा (D) रामधारी सिंह दिनकर



BiharboardQuestionpaper.com

23. 'मुक्ताकाशी' होटल का मालिक अपने काम को हल्का करने के लिए गाँव से किसे लाया ?

(A) रमेश को (B) खेमा को

(C) राजू को (D) पिंटू को

24. 'ज़ख्म' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) दर्द (B) ऐंठन

(C) घाव (D) जकड़न

25. 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ में किसके माता-पिता उसकी पढ़ाई के लिए राजी नहीं थे ?

(A) नगमा के (B) सीता के

(C) रमा के (D) गुड़िया के

26. कदम अपनी उम्र की बच्चियों से

(A) अलग है (B) दूर है

(C) नजदीक है (D) हँसमुख है



BiharboardQuestionpaper.com

27. कदम के पिता का नाम क्या है ?

(A) नगेन्द्र मांझी (B) जितेन्द्र मांझी

(C) सुरेन्द्र मांझी (D) देवेन्द्र मांझी

28. शोषितों - वंचितों के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

(A) कटु (B) कठोर

(C) मानवोचित (D) विषम

29. कर्पूरी ठाकुर ने कॉलेज का परित्याग कब किया ?

(A) 1944 ई० में (B) 1943 ई० में

(C) 1941 ई० में (D) 1942 ई० में

30. कर्पूरी ठाकुर का निधन कैसे हुआ ?

(A) हृदयाघात के कारण (B) क्षय रोग से

(C) पीलिया से (D) इनमें से किसी से नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

31. कई सौ मील पार कर झाँसी की रानी कहाँ आई ?

(A) पटना (B) कालपी

(C) बनारस (D) लखनऊ

32. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में किसे सिनेमा देखने जाना है ?

(A) लेखक को (B) लेखक के मित्र को

(C) लेखक की पत्नी को (D) हकीम साहब को

33. लेखक बेढब बनारसी के घर पर प्रसाद जी के यहाँ से कहाँ का रसगुल्ला आया था ?

(A) खुला बाजार का (B) चौपाटी बाजार का

(C) गुल बाजार का (D) बाग बाजार का

34. चित्रा ने किसे पाया ?

(A) अर्जुन को (B) भीम को

(C) कर्ण को (D) दुर्योधन को



BiharboardQuestionpaper.com

35. डॉक्टरों की फीस किस समय बढ़ जाती है ?

(A) दोपहर में
(B) रात में
(C) सुबह में
(D) शाम में

36. हकीम साहब क्या पहने हुए थे ?

(A) कुरता-पायजामा
(B) कोट-पैंट
(C) चिकन का बंदरदार कुरता
(D) धोती-कमीज

37. 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) मो० इकबाल
(B) अरूण कमल
(C) नरोत्तमदास
(D) गोपाल सिंह नेपाली

38. 'आकाश में है तारे भरे नीचे झरे ढेर के ढेर पत्ते कितने नरम हैं हिरन के छौने, सो जा !' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) तू ज़िन्दा है तो .....
(B) कर्मवीर
(C) बच्चे की दुआ
(D) राह भटके हिरन के बच्चे को



BiharboardQuestionpaper.com

39. किनको अपनी दरिद्रता पर क्षोभ था ?

(A) सुदामाजी की पत्नी को (B) कृष्णजी को

(C) भिखारी को (D) द्वारपाल को

40. 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता किस भाषा में लिखी गयी है ?

(A) उड़िया में (B) ब्रजभाषा में

(C) पंजाबी में (D) नेपाली में

41. विक्रमशिला विश्वविद्यालय में छात्र और अध्यापक की संख्या क्या थी ?

(A) दो हजार छात्र एवं शिक्षक (B) पाँच सौ छात्र एवं एक सौ शिक्षक

(C) दस हजार छात्र एवं एक हजार अध्यापक (D) बीस छात्र एवं शिक्षक

42. संजू को उसके जन्मदिन पर क्या उपहार मिलता है ?

(A) कपड़ा (B) मिठाई

(C) पुस्तक (D) कलम



BiharboardQuestionpaper.com

43. "बुरी है आग पेट की, बुरे हैं दिल के दाग ये" ...... यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) कर्मवीर
(B) बिहारी के दोहे
(C) बच्चे की दुआ
(D) तू जिन्दा है तो .....

44. 'बच्चे की दुआ' शीर्षक कविता में बच्चे कैसी राह पर चलने की दुआ माँग रहे हैं ?

(A) नेक राह पर
(B) कठिन राह पर
(C) छोटी राह पर
(D) मुश्किल राह पर

45. 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में वकील साहब के बगल में कौन रहते हैं ?

(A) शिक्षक
(B) बीमा एजेंट
(C) डॉक्टर
(D) व्यवसायी

46. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में, 4 जनवरी, 97 को कौन दिन था ?

(A) शुक्रवार
(B) शनिवार
(C) रविवार
(D) सोमवार



BiharboardQuestionpaper.com

47. 'पीपल' शीर्षक कविता में पक्षी तरु पर क्या खाता है ?

(A) फल
(B) पत्ता
(C) तना
(D) फूल

48. "पूछत पाँड़े फिरें सबसों पर, झोंपरि को कहुँ खोज न पायौ ।" – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) सुदामा चरित
(B) पीपल
(C) कर्मवीर
(D) झाँसी की रानी

49. 'गीली मिट्टी पेट पर लेपकर धूप में बैठिए' – लेखक को यह सलाह किसने दी ?

(A) आयुर्वेदाचार्य ने
(B) प्रकृति-चिकित्सा वाले चिकित्सक ने
(C) हकीम साहब ने
(D) सरकारी अस्पताल वाले डॉक्टर ने

50. 1857 ई० की क्रांति के समय झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की उम्र कितनी थी ?

(A) इक्कीस वर्ष
(B) बीस वर्ष
(C) बाईस वर्ष
(D) तेईस वर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

51. कर्पूरी ठाकुर ने दरभंगा में कुव्यवस्था के खिलाफ किसे संगठित करना शुरू किया ?

(A) कैदियों को (B) जनता को

(C) पुलिस को (D) नेता को

52. जैनब खानम की माता का क्या नाम था ?

(A) सफीना बीबी (B) फूल बीबी

(C) अमीना बीबी (D) निगार बीबी

53. कसारा से बात करने के कितने घंटे बाद खेमा लेखक के पास पहुँचा था ?

(A) एक घंटे बाद (B) दो घंटे बाद

(C) आधे घंटे बाद (D) छह घंटे बाद

54. असंभव को संभव कौन बना देते हैं ?

(A) धर्मवीर (B) वीर

(C) धीर (D) कर्मवीर



BiharboardQuestionpaper.com

55. दुनिया की सारी गंदगी के बीच दुनिया की सारी ........... रचते रहते हैं हाथ ।

(A) खुशबू (B) बदबू

(C) परेशानी (D) वीरानी

56. 'त' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) दंत

(C) तालु (D) मूर्द्धा

57. प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण है

(A) उष्म व्यंजन (B) महाप्राण व्यंजन

(C) अल्पप्राण व्यंजन (D) अंतःस्थ व्यंजन

58. 'देवर्षि' का संधि-विच्छेद है

(A) देव + र्षि (B) दे + वर्षि

(C) देव + रिषि (D) देव + ऋषि

59. निम्न में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) नवाब (B) पूर्व

(C) परंतु (D) प्रसाद

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें...



BiharboardQuestionpaper.com

60. 'विराम' का शाब्दिक अर्थ होता है

(A) झुकाव
(B) ठहराव
(C) लगाव
(D) दबाव

61. 'रक्षाबंधन' कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) भाववाचक
(C) व्यक्तिवाचक
(D) समूहवाचक

62. 'विरोध' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

63. 'ओठ' शब्द है

(A) तत्सम
(B) देशज
(C) तद्भव
(D) विदेशज



BiharboardQuestionpaper.com

64. 'पालित' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) पालतू (B) पालिती

(C) पालिनी (D) पालिता

65. 'कारक' के कितने भेद हैं ?

(A) सात (B) आठ

(C) पाँच (D) छह

66. 'से' किस कारक का विभक्ति चिह्न है ?

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) अपादान (D) अधिकरण

67. 'सब्जी मत खाओ, क्योंकि वह खराब है ।' — यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (B) संबंधवाचक सर्वनाम

(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम (D) निश्चयवाचक सर्वनाम

68. 'वह खाता है' — किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) भविष्यत काल

(C) वर्तमान काल (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

69. वे शब्द जिनकी व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता, कहलाते हैं

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

70. बनावट के विचार से शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

71. 'पराभव' शब्द में उपसर्ग है

(A) प (B) पर

(C) पराभ (D) परा

72. 'खपत' शब्द में प्रत्यय है

(A) त (B) पत

(C) प (D) त्



BiharboardQuestionpaper.com

73. 'कुल' शब्द का विशेषण है

(A) कुलु (B) कुलीन

(C) कुली (D) कली

74. 'शिवार्पण' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वंद्व

(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

75. मनुष्य के विचारों को पूर्णता से प्रकट करनेवाले पदसमूह को क्या कहते हैं ?

(A) लिंग (B) अव्यय

(C) विशेषण (D) वाक्य

76. 'भारत के राष्ट्रपति' किस पदवंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा पदवंध (B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदवंध (D) क्रिया पदबंध



BiharboardQuestionpaper.com

77. अर्थ के अनुसार वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच (B) आठ

(C) तीन (D) चार

78. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) आजकल वहाँ काफी सरगर्मी दृष्टिगोचर हो रही है ।

(B) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ ।

(C) व्यायाम करना चाहिए, ताकि हम स्वस्थ रहें ।

(D) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता ।

79. 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची है

(A) वासव (B) विनायक

(C) वायुसखा (D) वसन

80. 'उपयुक्त' शब्द का विलोम है

(A) अनुपयुक्त (B) निरुद्यम

(C) आधेय (D) उपभुक्त



BiharboardQuestionpaper.com

81. 'जिसके शेखर पर चंद्र हो' – के लिए एक शब्द है

(A) चंद्रकांत (B) चंद्रशेखर

(C) चंद्रभाल (D) चंद्रायन

82. 'अंगार बनना' मुहावरे का अर्थ है

(A) धोखा देना (B) क्रुद्ध होना

(C) धूर्त्तता करना (D) विघ्न आना

83. 'ऊँट के मुँह में जीरा' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) ऊँट के मुँह में बीमारी होना (B) ऊँट को जीरा खिलाना

(C) बहुत थोड़ा (D) पेट भरना

84. 'नरक' शब्द का विशेषण है

(A) नरकी (B) नरकुम

(C) नरकु (D) नारकीय

85. 'बेखटके' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु

(C) द्वंद्व (D) बहुव्रीहि



BiharboardQuestionpaper.com

**A**

86. 'मैं खाना खा चुका, तब वह आया' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य
(B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) इनमें से कोई नहीं

87. 'विवाद' शब्द का विलोम है

(A) विरत
(B) विरागी
(C) निर्विवाद
(D) व्यक्त

88. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची है

(A) दहन
(B) धूसर
(C) निलय
(D) लोचन

89. 'द' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) दंत
(B) मूर्द्धा
(C) तालु
(D) ओष्ठ

90. 'निश्छल' का संधि-विच्छेद है

(A) नि + श्छल
(B) निः + छल
(C) निश् + छल
(D) निश्छ + ल



BiharboardQuestionpaper.com

91. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) द्रविभूत (B) निरिह

(C) नक्षत्र (D) प्रस्थिति

92. 'मनुष्य' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) समूहवाचक

(C) भाववाचक (D) जातिवाचक

93. 'निबंध' शब्द लिंग है

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

94. 'करेला' शब्द है

(A) तद्भव (B) तत्सम

(C) देशज (D) विदेशज

95. 'भक्षक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) भक्षकी (B) भक्षिका

(C) भक्षकिन (D) भक्षिकी



BiharboardQuestionpaper.com

**A**

96. 'अदरख' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) उभयलिंग

(C) पुंलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

97. 'वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के साथ संबंध का बोध हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) कर्म कारक (B) अपादान कारक

(C) संप्रदान कारक (D) करण कारक

98. 'मैं, हम, तुम, वह, यह' — किस सर्वनाम के उदाहरण हैं ?

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम (B) निजवाचक सर्वनाम

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम (D) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

99. 'धर्म' शब्द का विशेषण है

(A) धर्मी (B) धार्मिक

(C) धर्मकी (D) धर्मनी

100. 'दो कौड़ी का आदमी' मुहावरे का अर्थ है

(A) तुच्छ या अविश्वसनीय व्यक्ति (B) स्पष्ट कह देना

(C) ज्ञानहीन (D) बुरी राय देना



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है :

$5 \times 2 = 10$

(क) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है, क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण बढ़ा पाना व्यक्ति के वश में नहीं है । समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता । विद्यार्थी के लिए समय का और भी अधिक महत्त्व है । विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना । समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है । जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं, वे जीवनभर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते । मनुष्य का कर्त्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने है, उसका सदुपयोग करें ।

(i) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है ?

(ii) विद्यार्थी जीवन का क्या उद्देश्य है ?

(iii) कैसे विद्यार्थी जीवनभर पछताते रहते हैं ?

(iv) समय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्त्तव्य बताया गया है ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखें ।



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया । धर्म के नाम पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं । पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुद्धि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है । भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं । विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गयी हैं, लेकिन मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य और कटुता में कमी नहीं आई । मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार ।

(i) मनुष्य धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है ?

(ii) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ ?

(iii) देश में आज भी कौन समस्या है ?

(iv) संचार के साधनों में वृद्धि के बावजूद मानव स्वभाव में कौन दुर्गुण बने हुए हैं ?

(v) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन क्या है ?



BiharboardQuestionpaper.com

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा ।

5 × 2 = 10

(क) बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं । बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए । अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए । बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है । अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच समझकर करना चाहिए । शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है ।

(i) शिक्षक क्या होता है ?

(ii) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए ?

(iii) शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन कैसे करना चाहिए ?

(iv) बातचीत में किसका आदान-प्रदान होता है ?

(v) विद्यार्थियों पर कौन अपनी छाप छोड़ता है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है । कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है । परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं । दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं – प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है । प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है । एक अध्यापक ने पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों को यह संदेश दिया था – तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा । हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें । सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी । समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है ।

(i) संघर्ष के मार्ग में कैसे चलना पड़ता है ?

(ii) परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन किसका मार्ग प्रशस्त करते हैं ?

(iii) प्रत्येक समस्या अपने साथ क्या लेकर आती है ?

(iv) संघर्ष से डरना किसको अनावश्यक रूप से बाधित करना है ?

(v) प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में क्या निहित रहती है ?



BiharboardQuestionpaper.com

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) स्वतंत्रता दिवस

(i) भूमिका

(ii) स्वतंत्रता दिवस का महत्त्व

(iii) त्योहार मनाने की विधि

(iv) अपने विद्यालय में मनाने का वर्णन

(v) उपसंहार

(ख) वर्षा ऋतु

(i) भूमिका

(ii) वर्षा ऋतु का वर्णन

(iii) अल्प वृष्टि एवं अति वृष्टि का कुप्रभाव

(iv) लाभ एवं हानि

(v) उपसंहार ।

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

**A**

(ग) एकता

(i) भूमिका

(ii) इतिहास

(iii) आवश्यकता

(iv) उपसंहार ।

(घ) सरस्वती पूजा

(i) प्रारम्भ

(ii) पर्याय

(iii) उत्सव

(iv) माहात्म्य ।

(ङ) महँगाई

(i) आरम्भ

(ii) कारण

(iii) निवारण

(iv) उपसंहार ।



BiharboardQuestionpaper.com

4. परीक्षा की सफलता पर मित्र को बधाई पत्र लिखें । $1 \times 5 = 5$

**अथवा**

कोरोना महामारी के बारे में दो छात्रों के संवाद को लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग **20 - 30** शब्दों में दें ।

प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) हामिद कितने वर्ष का है ? वह कहाँ सोता है ?

(ख) आप अपने को कर्मवीर कैसे साबित कर सकते हैं ?

(ग) बिहारी किस काल के कवि हैं ? 'बिहारी के दोहे' शीर्षक कविता में किस तरह के दोहे शामिल हैं ?

(घ) सिरचन को पान का बीड़ा किसने दिया था ?

(ङ) ईर्ष्या को अनोखा वरदान क्यों कहा गया है ?

(च) विक्रमशिला कहाँ अवस्थित है ? इसके पतन का वर्णन किसने किया है ?

(छ) मोहम्मद अब्दुल रहमान खान की उम्र क्या थी ? उनको किस पर गर्व है ?

(ज) जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म कब हुआ था ? उनके माता-पिता का नाम क्या था ?

(झ) झाँसी के मैदान में लक्ष्मीबाई से युद्ध करने कौन लेफ्टिनेंट पहुँचा और वह क्यों भागा ?

(ञ) 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता के रचनाकार कौन हैं ? इस कविता में किनका वर्णन है ?



BiharboardQuestionpaper.com

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** का लगभग **100** शब्दों में भाव स्पष्ट कीजिए : 1 × 5 = 5

(क) "धन उनके पास अतिथि के समान अल्पावधि तक ही टिकने आता था ।"

(ख) "मैं कहता निर्मोही रहियो, तू जाता है मोही रे ।"

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com